ट्रेन से युवक ने किया सुसाईड

कोटा, (निसं)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर एक युवक ने चलती ट्रेन के आगे पटरी पर लेटकर सुसाईड कर लिया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी पुलिस मौके

■ **मृतक की शिनाख्त नही होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल में रखवाया**

पर पहुंची और मौके पर मृतक की शिनाख्त नही होने पर पुलिस ने मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया। जीआरपी के हैड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार तड़के रेलवे प्लेटफार्म नम्बर दो पर कामाख्या से गांधीनगर जा रही ट्रेन के आगे जाकर युवक ने सुसाईड कर लिया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतक युवक के पास दो टिकिट मिले जिसमें एक अलीगढ से मथुरा का बस का टिकिट मिला है और दूसरा मथुरा से बडोदरा का जनरल टिकिट मिला है। मृतक की शिनाख्त नही होने पर मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया है मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी है।

बेटियों के सपनों को पंख देना ही उनका सच्चा सम्मान

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि बेटियां सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश की शान होती हैं। वे एक मां, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में हर रिश्ते को प्रेम और त्याग से निभाती हैं। नितिन विजय इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर 5 पर शुक्रवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष कैंपस में हवन और कन्या भोज के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में बेटियों को हमेशा से देवी का स्वरूप माना गया है। फिर भी लंबे समय तक उन्हें शिक्षा, समान अधिकार और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया। लेकिन अब समय बदल रहा है और हमें अपनी सोच को भी बदलना होगा।

आज हर क्षेत्र में बेटियां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो, विज्ञान हो या राजनीति। कल्पना चावला, किरण बेदी, मैरी कॉम और साक्षी मलिक जैसी बेटियों ने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। समाज को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें अपनी बेटियों को वह सभी अवसर देने होंगे, जो एक बेटे को मिलते हैं। बेटियों को समान अधिकार देना, उन्हें शिक्षित करना और उनके सपनों को पंख देना ही सच्चा सम्मान है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहां बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और प्यार मिले। मोशन की डायरेक्टर डॉ.स्वाति विजय ने बताया कि शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर 5 पर मोशन एजुकेशन दक्ष कैंपस में चौत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर हवन और 1001 कन्याओं का भोज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में विधिवत कन्या पूजन से हुई। कार्यक्रम में स्टॉफ ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह में मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, ज्वाइंट डायरेक्टर अमित वर्मा और रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव सहित अन्य सीनियर फैकल्टी मौजूद थे।

वरिष्ठ नागरिक संस्थान की बैठक संपन्न

कोटा, (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा नए वित्तीय वर्ष की प्रथम मासिक बैठक शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर आयोजित विशेष मेडिकल कैंप में 70 से अधिक सदस्यों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। संस्था के अध्यक्ष टी.पी.एस. सेठी ने अपने संबोधन में कहा, ष्हमारे सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से ही संस्था निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।

नए वित्त वर्ष में हम स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लेते हैं। डॉ.सुनील दत्त शर्मा के कुशल निरीक्षण में आयोजित मेडिकल कैंप में रक्तचाप और रक्त शर्करा के नियमित परीक्षणों के अतिरिक्त, मधुमेह रोगियों के लिए विशेष एचबीए वन-सी परीक्षण भी किया गया। डॉ. शर्मा ने सभी सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह भी दी और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एन.एस.कपूर और राम मदनानी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों से नए सहयोग का आग्रह किया।

भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मंडल में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया साथ ही उक्त खण्ड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन भरतपुर, हिंडौन सिटी व सवाई माधोपुर स्टेशनों की प्रगति का भी निरीक्षण किया। जीएम ने निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल में कुल 17 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसमे भरतपुर 31.14 करोड़, हिंडौन सिटी 19.30 करोड़ एवं सवाई माधोपुर 43.2 करोड़ की लागत से किया जा रहा है इन स्टेशनों पर कार्य एडवांस स्टेज पर है।

महाप्रबंधक बंदोपाध्याय ने डीआरएम अनिल कालरा एवं संबंधित अधिकारियों के साथ भरतपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माणाधीन स्टेशन का निर्धारित मॉडल एवं ले-आउट प्लान के अनुसार किए जा रहे कार्य की भी जानकारी ली। भरतपुर स्टेशन पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय एवं टिकट बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण किया। भरतपुर स्टेशन पर ट्रेन संचालन से जुड़े रूट रिले इंटरलाकिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात जीएम ने हिंडौन सिटी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया साथ ही स्टेशन यार्ड के प्वांट्स व क्रासिंग के संरक्षा मानकों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में पौधारोपण किया और इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों से संवाद किया। अंत में जीएम ने सवाई माधोपुर स्टेशन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही निर्धारित मानकों के साथ समय पर गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही माधोपुर में स्टेशन परिसर एवं लोको पायलट एवं गार्ड रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ को प्रदत सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर महाप्रबंधक को ज्ञापन दिए। जिस पर विचार करने का जीएम द्वारा आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक मीडिया कर्मियों से भी रुबरु हुई। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान डीआरएम अनिल कालरा सहित प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य विधुत इंजीनियर मुकेश एवं मंडल के संबंधित विभागों के शाखा अधिकारीगण मौजूद रहे।

47 श्रमिकों को दिया परामर्श

रामगंजमण्डी, (निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा के तहत शुक्रवार को चिकित्सा विभाग ने चेचट स्थित स्वागत स्टोन क्रेशर प्लांट पर सिलिकोसिस स्क्रीनिंग व जागरूकता कैंप लगाया। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर हर शुक्रवार को जिले में खदान व क्रेशर क्षेत्रों में ये शिविर लगाए जा रहे है। इस क्रम में शुक्रवार को चेचट में लगाए शिविर में 47 श्रमिकों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया गया। शिविर में 6 संभावित टीबी मरीजों को स्पूटम जांच व चेस्ट एक्सरे के लिए रैफर किया गया। डीटीओ डॉ.एसएन मीणा ने बताया कि 26 श्रमिकों की बीपी व शुगर की जांच की गई।
डॉ.मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगों को सिलिकोसिस रोग से बचाव के लिए खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने, खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने की हिदायत दी गई। टीबी रोग से बचाव-उपचार निक्षय मित्र एवं निक्षय संबल योजना के बारे में भी जानकारी दी। मेडिकल टीम कोटा से डॉ.एसएन मीना डीटीओ सहित लैब सुपरवाईजर पवन शर्मा एवं चेचट सीएचसी से देवीलाल नागर नर्सिंग ऑफिसर एवं रेखा सिसोदिया लैब टेक्नीशियन ने सेवाएं दी।

एक करोड़ 35 लाख रुपए स्वीकृत

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से विधानसभा क्षेत्र में 10 स्थानों पर पीएचईडी के विभिन्न कार्य किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कनवास में 11 लाख 68 हजार रुपए, मोई कलां में 7 लाख 42 हजार, कमोलर में 9 लाख 86 हजार, चतरपुरा में 3 लाख 61 हजार रुपए की राशि से पुरानी पाईपलाईन को बदलने और इलेक्ट्रिक पैनल व पंप सेट लगाने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा किशोरपुरा में 16 लाख 92 हजार, खजूरी में 29 लाख 50 हजार व देवली

■ **ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा**

में 14 लाख 55 हजार रूपए की राशि से नया ट्यूबवेल, पंपसेट और पाइपलाइन डालने का कार्य किया जाएगा। साथ ही, धूलेट में 21 लाख 53 हजार रुपए की राशि से पंपसेट और पाईपलाईन बदले जाएंगे। वहीं, बपावर में 17 लाख 91 हजार रुपए की राशि से ट्यूबवेल लगाने व पाईपलाईन डालने का कार्य किया जाएगा।

एक सौ एक कन्याओं का किया पूजन

कोटा, (निसं)। चैत्र शुक्ल नवरात्रा के पावन पर्व पर श्रीराम सेवा समिति द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरड़ा बस्ती में एक सौ एक कन्याओं का पूजन व प्रसादी का आयोजन किया गया। श्रीराम सेवा समिति की महिलाओं ने कन्याओं को सबसे पहले श्रीराम संकीर्तन कराया, उन्हे अच्छे-अच्छे धार्मिक संस्कार का ज्ञान दिया। इस अवसर पर कन्या पूजन व प्रसादी के अलावा श्रीराम सेवा समिति की ओर से स्कूल को 6 फर्श, दो ब्लैक बोर्ड, चौक व डस्टर भी भेंट किये गये। इस मौके पर प्रसादी के बाद बच्चो को श्रीराम सेवा समिति की ओर से उपहार भी भेंट किये गये। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठा।

'33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू करें सरकार'

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय व प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष और पार्षद शालिनी गौतम ने महिला कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारीयों एवं संगठन की महिला कार्यकर्ताओं के साथ आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिला कांग्रेस ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को तत्काल प्रभाव से लागू करने की माँग की।

महिला कांग्रेस ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा।

प्रदर्शन में महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपनी आवाज़ बुलंद करते हुए यह कहा कि यह बिल महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष व पार्षद शालिनी गौतम ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों की पक्षधर रही है। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल न केवल महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने का एक सशक्त कदम है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। 2014 में यह बिल संसद में पास हुआ था, लेकिन इसके बावजूद अब तक इसे लागू नहीं किया गया। भाजपा सरकार केवल भाषणों में महिला सशक्तिकरण की बात करती है, लेकिन वास्तविकता में यह बिल अब तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि हम यह चेतावनी देते हैं कि अगर सरकार ने इस बिल को शीघ्र लागू नहीं किया, तो महिला कांग्रेस पूरे देश में उग्र आंदोलन करेगी। महिला आरक्षण को लागू करना हमारी प्राथमिकता है, और इसके बिना देश में महिलाओं के उत्थान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सकता। इस मौके पर महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव रेहाना अंसारी, शारलेट सेमू , कमलेश कुमारी, मोहनी बाई, मोना महावर ओर तुलसा सुमन आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/1435 विज्ञप्ति दिनांक:- 04.04.2025

नगर विकास न्यास कोटा की योजना सुभाष नगर आवासीय भूखंड संख्या 1142 को आवंटन/न्यास पत्र क्रमांक 440 दिनांक 09.05.1991 को श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री दामोदर प्रसाद को आवंटन किया गया था। उक्त भूखंड की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री जगदीश प्रसाद मेहता पुत्र श्री श्रीलाल मेहता द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस रजिस्ट्री में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 1142 योजना सुभाष नगर आवासीय की रजिस्ट्री श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री दामोदर प्रसाद जर्ये मुख्तारआम श्री जगदीश प्रसाद मेहता पुत्र श्री श्रीलाल मेहता के नाम जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-2312 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-3.4.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की विज्ञान नगर पुनर्वास योजना के भूखंड/आवास संख्या 206 का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 10.12.1983 को श्री घनेष्टी लाल पुत्र श्री जलधर को किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 27.03.2011 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयत नामा, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 206 योजना विज्ञान नगर पुनर्वास का नाम हस्तान्तरण श्रीमती नीति पत्नी स्व. श्री घनेष्टी एवं श्री अशोक पुत्र स्व. श्री घनेष्टी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा-

छीपाबडौद। उपखंड अधिकारी अभिमन्यु सिंह कुन्तल को ओशो ध्यान साक्षी अनिल कुमार जेन एडवोकेट के नेत्रित्व में महिला मजदूरों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा हे।महिला मजदूर अल्प मजदूरी में लहसुन मंडी में कार्यरत हे। न्यूनतम मजदूरी के अनुसार उक्त मजदूरों को लाभ नहीं मिल पा रहा हे।

एडवोकेट अनिल जैन ने बताया कि मंडी में मजदूरी व्यापारियों द्वारा पूरी नहीं दी जा रही हे। लहसुन की कट्टी भरने की मजदूरी 6 रूपये कट्टी करने की मांग महिला मजदूरों ने उठाई साथ ही ढाला भरने के लिए भी व्यापारियों को पाबंद करने की मांग उठाई, श्रमिक कार्ड बनवाने का शिविर भी प्रशासन द्वारा लगवाया जावे। यहां करीबन 500 महिला मोजूद रहीं।

इंस्टाग्राम फोटो शेयर करने पर किया गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए इंस्टाग्राम पर पिस्टलनुमा लाईटर के साथ फोटा सोशल मिडिया पर शेयर करने पर युवक को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थाने के उपनिरिक्षक प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि कुछ समय पूर्व आमजन में अपना भय व्याप्त करने के उद्देश्य से कार में बैठकर पिस्टलनुमा के साथ इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर किया गया था। सोशल मिडिया पर वायरल उक्त फोटो के आधार पर फोटो शेयरकर्ता की पहचान फैजान के रूप में हुई। जिस पर टीम ने कार्यवाही करते हुए पिस्टलनुमा लाईटर के साथ इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करने के आरोप में गुमानपुरा निवासी फैजान अली (20) को गिरफ्तार किया है।

रक्तदान शिविर

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में श्री श्याम फाउंडेशन एवं श्री श्याम सेवा समिति के सानिध्य एवं स्व. हरिबल्लभ गुप्ता की तृतीय पुण्य स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 14 अप्रेल सोमवार को आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक समिति के विजय गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर 14 अप्रैल सोमवार प्रात: 8 बजे से सायं 6 बजे तक श्री खाटूश्यामजी मन्दिर प्रांगण सुविधा नगर रामगंजमंडी में आयोजित किया जावेगा।

प्रशिक्षण आयोजित

कोटा, (निसं)। हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा शुक्रवार को राजकाज एवं ई-फाईल विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्थान के अतिरिक्त निदेशक महेश चन्द मीणा द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा सभी विभागों में फाईलों का निस्तारण, ई-फाईल के माध्यम से करने के निर्देश हैं।

इस प्रशिक्षण के आयोजन का उद्देश्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में फाईलों का निस्तारण, ई-फाईलिंग के माध्यम से त्वरित गति से कर सकेंगे। पाठ्यक्रम निदेशक बालकृष्ण गुप्ता ने बताया कि कोटा एवं भरतपुर संभाग के विभिन्न विभागों से आए 85 प्रशिक्षणार्थियों को राजकाज एवं ई-फाईल का प्रशिक्षण दिया गया।

महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर बताई ज्वलंत समस्याएं

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बन्दोपाध्याय के कोटा आगमन पर पश्चिम मध्य रेलवे के एकमात्र मान्यता प्राप्त संगठन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा उनका गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया एवं कोटा मण्डल के रेल कर्मचारियों की 18 सूत्रीय समस्यओं का ज्ञापन देकर निराकरण की मांग की। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि अम्बेडकर नगर-इन्दौर सुपरफास्ट गाड़ी में कोटा से इन्दौर तक कोटा के रनिंग स्टॉफ के वर्किंग की मांग की, साथ ही रनिंग कर्मचारियों की रिक्तियों को भरने के लिए 155 पदों पर लोको पायलेटों के पदोन्नति

■ **अम्बेडकर नगर-इन्दौर सुपरफास्ट गाडी में कोटा स्टॉफ के वर्किंग की मांग**

की मांग की। लोको पायलेटों की रिक्तियों के कारण कर्मचारियों को 10 घण्टे से अधिक डयूटी करनी पड रही है रिक्तियॉ भरने से रनिंग स्टॉफ को राहत मिलेगी। ज्ञापन में वन्देभारत जैसी सुविधाजनक एवं नई तकनीकी की गाडियों के लिए इन्जीनियरिंग, सिगनल, ऑपरेटिंग व टीआरडी स्टॉफ के पदो के सृजन की भी मांग की गई।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3811 विज्ञप्ति दिनांक:-26.3.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना वैभव नगर भूखंड संख्या 33 खसरा नं. 624, 626 आवेदक/आवेदिका श्री मुनव्वर अली खान पुत्र श्री मुर्शर्फ अली खान निवासी 33 वैभव नगर पुलिस लाईन कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 2369 दिनांक 08.07.2003 को श्रीमती अतीका बेगम पत्नी श्री एम.ए. खान के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 10.12.2023 को हो चुकी है। मृतक द्वारा अपने जीवनकाल में जर्ये रजि. वसीयतनामा दिनांक 05.09.2023 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री मुनव्वर अली खान पुत्र श्री मुर्शर्फ अली खान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 55 जाहिर आम सूचना दिनांक - 4.4.25

आवास संख्या 4-डी-17 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री लक्ष्मण भाटिया पुत्र श्री पोहूमल भाटिया को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री लक्ष्मण भाटिया पुत्र श्री पोहूमल भाटिया द्वारा दिनांक 20.11.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री लक्ष्मण भाटिया पुत्र श्री पोहूमल भाटिया की मृत्यु दिनांक 20.12.1999 एवं इनकी पत्नी श्रीमती द्रोपदी भाटिया की मृत्यु दिनांक 20.03.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री सुरेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया एवं श्री दिनेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-डी-17 तलवण्डी कोटा को मृत्यु प्रकरण में नाम हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सुरेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया एवं श्री दिनेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री सुरेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया एवं श्री दिनेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री सुरेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया एवं श्री दिनेश भाटिया पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण भाटिया के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/75 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक:-03.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप कुमार शर्मा पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा निवासी रावतभाटा ने आवेदन प्रस्तुत कर नया बाजार आवासीय योजना अन्तर्गत आवंटित आवासीय भूखण्ड संख्या 94 साईज 40x50 क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट जो नया बाजार भूमि आवंटन समिति की और से अधिशाषी अभियन्ता राणा प्रताप सागर एवं भण्डार खण्ड रावतभाटा द्वारा श्री भंवरलालजी पिता श्री रतनलालजी पोरवाल निवासी रावतभाटा को इकरारनामे के तहत लीज डीड होल्ड के आधार पर इकरार दिनांक 17.02.1981 के अन्तर्गत लाईसेन्स (पट्टा) क्रमांक AE/477 दिनांक 21.02.1981 से इकरारनामें में उल्लेखित शर्तो के अधीन आवंटित की गयी थी। इसके उपरान्त श्री भंवरलालजी का देहान्त होने के उपरान्त उनके वैध वारिसानों द्वारा उनके पुत्र महेश कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री भंवरलालजी निवासी रावतभाटा के पक्ष जरिये अंपजीकृत (नोट्रेरी प्रमाणितशुद्धा) मुख्यारनामा खास दिनांक 30.10.2001 से मुख्तयारआम नियुक्त किया गया, जिसके तहत श्री महेश कुमार गुप्ता ने उक्त भूखण्ड श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री महावीर प्रसाद शर्मा निवासी रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.05.2012 से विक्रय किया गया तथा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री महावीर प्रसाद ने उक्त भूखण्ड को बक्शीशनामा (गिफ्ट डीड) से आवेदक श्री प्रदीप कुमार शर्मा पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा निवासी रावतभाटा को हस्तान्तरित किया गया, जिससे प्राप्त स्वामित्व अधिकारों के तहत आवेदक के नाम से इस कार्यालय में उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण/हस्तान्तरण दर्ज किये जाने हेतु स्व: प्रमाणित दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है।

अत: प्रस्तुत दस्तावेजों व राज्यादेशों एवं नियमों के तहत इस आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण/हस्तान्तरण उपरोक्तानुसार दर्ज किये जाने में किसी हितधारी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन 07 (सात) दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/67 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक:-03.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संगीता अग्निहोत्री पत्नी श्री रोहित अग्निहोत्री निवासी रावतभाटा ने इस कार्यालय में आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा की श्रीगणेश नगर आवासीय योजना, रावतभाटा के भूखण्ड संख्या 244 श्रेणी (अ) साईज 25x50 कुल 1250 वर्गफीट अर्थात् 116.17 वर्गमीटर का नामन्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करने व बाद नामान्तरण इस भूखण्ड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय नक्शे की प्रतियों के साथ प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा लॉटरी दिनांक 31.12.2007 अन्तर्गत श्री शंकरलाल पिता श्री केशवलाल शर्मा निवासी रावतभाटा को आवंटित किया गया था। जिसकी लीज डीड इस मूल आवंटी के पक्ष में क्रमांक 741 दिनांक 17.04.2008 एवं पंजीयन दिनांक 16.05.2008 से जारी की गई है। इसके उपरान्त आवंटी ने पालिका से बिना विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.05.2010 से श्री चेतनसिंह गौड पिता श्री माधवसिंह गौड निवासी भैसरोडगढ़ को विक्रय किया गया, जिसका नामन्तरण पालिका रिकॉर्ड में स्वीकृति पत्रांक 7590 दिनांक 30.03.2013 से दर्ज किया गया। इसके उपरान्त उक्त नामान्तरिती ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.07.2013 से श्री सत्यजीत पिता श्री रणजीत बनाहटी निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया, जिसका नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज नहीं करवाया गया तथा श्री सत्यजीत द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.02.2025 से आवेदक श्रीमती संगीता अग्निहोत्री पत्नी श्री रोहित अग्निहोत्री निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया। जिसके आधार पर आवेदक ने भूखण्ड का नामान्तरण नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत एवं बाद नामान्तरण भूखण्ड पर आवासीय भवन के निर्माण की स्वीकृति व नक्शानुमोदन प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनिमय 2020 के प्रावधानों के तहत चाही गई है।

अत: उक्त भूखण्ड का हस्तान्तरण पालिका रिकॉर्ड में आवेदक के नाम दर्ज कर भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन किये जाने में किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो, तो इस प्रकाशन से 07(सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

बीएसएनएल मना रहा है ग्राहक सेवा माह

कोटा, (निसं)। भारत सरकार के उपक्रम भारत संचार निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की सेवाएँ प्रदान करने और उनके फीडबैक को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से अप्रैल 2025 माह को 'ग्राहक सेवा माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कोटा व्यवसाय क्षेत्र बीएसएनएल के महाप्रबंधक गोविन्द गुप्ता ने बताया की बीएसएनएल की कस्टमर फर्स्ट नीति को और मजबूत करने के लिए, इस अभियान में फाईबर ब्रॉडबैंड की विश्वसनीयता, बिलिंग में पारदर्शिता और ग्राहक शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कुलदीप माथुर के जन्मदिन का उत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन एवं आईबीबी कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर एलबीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन कुलदीप माथुर का जन्मदिन विशेष बच्चों के साथ मिलकर हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एबलीएस ग्रुप के चेयरमेन कुलदीप माथुर, डॉ.शिल्पा माथुर, एलबीएस ग्रपु डायरेक्टर सुदर्शन माथुर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के प्रति जागरूकता और सहानुभूति बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन का उद्देश्य ऑटिज्म से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समाज में समावेशिता को प्रोत्साहित करना और उनके अधिकारों की वकालत करना था। इस दौरान विशेष बच्चों के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईंए जिनमें खेल, कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में डॉ.ऋषिका खंडेलवाल एमपीटी न्यूरो सहायक प्रोफेसर आईबीबी कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया। उन्होंने ऑटिज्म से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, इसके सही प्रबंधन, और समाज में विशेष बच्चों के समावेशी विकास पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा आईबीबी कॉलेज के छात्रों ने ऑटिज्म और कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी सीबीटी पर जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

मुंबई से कोटा आए एमबीबीएस छात्र नमन ने नन्हे माहिर को डोनेट की एसडीपी

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता डेंगू और अन्य बीमारियों में निरंतर लोगों की सेवा कर रही है, इस बार अगस्त के बाद आने वाला डेंगू अभी से ही आहट दे रहा हैं। शहर में अब डेंगू धीरे धीरे पैर पसार रहा हैं। टीम जीवनदाता के संरक्षक संयोजक व लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक भुवनेश गुप्ता लगातार लोगों को मोटिवेट कर रक्तदान एवं एसडीपी के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वह स्वयं भी रक्तदान व एसडीपी डोनेट करते हैं, यही प्रेरणा मुंबई के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे उनके पुत्र नमन गुप्ता को भी देते हैं और नमन गुप्ता भी निरंतर जब भी सेवा का अवसर मिलता है वह तत्पर रहता है। ऐसे में छावनी निवासी 5 वर्ष के मास्टर माहिर को बी पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, चिकित्सकों ने पार्ट में एसडीपी चढ़ाऐं जाने के लिए कहा। पिता के साथ कोई कार्यवश कहीं जा रहे नमन ने जब यह वाक्या सुना तो वह तैयार हो गए और उन्होंने अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचकर 8वीं बार एसडीपी डोनेट की, जबकि चार बार ब्लड डोनेशन भी किया है। एमबीबीएस सेकंड ईयर के स्टूडेंट होने के साथ ही सेवा और समर्पण के भाव मन में परिवार से ही उत्पन्न हुए हैं, नमन गुप्ता चिकित्सकीय सेवा के साथ मानवीय एवं सामाजिक सेवा में मुंबई में भी अग्रणी है। नमन ने इस दौरान कहा कि मानवीय सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती, किसी के जीवन को बचा सकें यह सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता, जो भी लोग रक्त व एसडीपी से बचते हैं वह सेवा और परोपकार से दूर होते चले जाते हैं। हम सभी का नैतिक दायित्व है कि सेवा में अग्रणी रहे। खुशिया दुआओं से आती है और दुआऐं असहाय की मदद करने से प्राप्त होती हैं। नमन का मनना है निरंतर सेवाकार्य से उनके जीवन में खुशहाली सफलता व सम्मान प्राप्त हो रहा हैं।

मारपीट के तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थाने के उप निरिक्षक प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि मारपीट के पुराने मामले में फरार चल रहे तीन आरोपी शमा कॉलोनी निवासी फैजान उर्फ लड्डू (25), शाहनवाज उर्फ शानू (29) एवं शोयेब उर्फ कासिम (28) को गिरफ्तार किया है। उपनिरिक्षक प्रभारी ने बताया कि 19 सितम्बर 2024 फरियादी वेदप्रकाश ने थाने में रिपोर्ट दी थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि वह अपने मित्र के साथ चाय पीने दुकान पर गया था ।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 35 जाहिर आम सूचना दिनांक - 3.4.25

आवास संख्या 2-आर-9 रंगबाड़ी एस.एफ.एस. कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री तुलसी दास पुत्र श्री मूलेराम को किया गया था। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री तुलसी दास पुत्र श्री मूलेराम की मृत्यु दिनांक 12.01.2006 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती सुधा रानी पत्नी श्री तुलसी दास की मृत्यु दिनांक 31.05.2007 को एवं इनके पुत्र श्री अनिल मुंजाल पुत्र श्री तुलसी दास की मृत्यु दिनांक 06.04.2023 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसों में श्रीमती रजनी गोस्वामी पत्नी श्री अशोक कुमार गोस्वामी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 16.01.2024 को अपने दोनों भाईयों श्री मदन कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास एवं श्री मनोज कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया। श्री मदन कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास एवं श्री मनोज कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-आर-9 रंगबाड़ी एस.एफ.एस. कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री मदन कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास एवं श्री मनोज कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मदन कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास एवं श्री मनोज कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मदन कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास एवं श्री मनोज कुमार मुंजाल पुत्र स्व. श्री तुलसी दास के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/234 दिनांक: 3.4.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामचंद्र मलिक पुत्र स्व. श्री उत्तम चंद मलिक निवासी भूखंड संख्या 18-बी एल.आई.जी.एच. न्यू कालोनी गुमानपुरा कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 18 एल.आई.जी.एच. गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 18 एल.आई.जी.एच. गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा श्री रतन चन्द पुत्र श्री नाऊमल को किया गया। श्री रतन चन्द ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज 28.04.1961 से श्री उत्तम चन्द पुत्र श्री मूल चंद को विक्रय कर दिया। श्री उत्तम चन्द का देहावसान दिनांक 04.05.1974 को हो जाने के उपरांत श्री उत्तम चन्द के विधिक वारिसान श्री राधेश्याम मलिक पुत्र स्व. श्री उत्तम चंद मलिक, श्रीमती राजचुग पुत्री स्व. श्री उत्तम चंद, श्री लक्ष्मण मलिक पुत्र स्व. श्री उत्तम चंद, श्रीमती सुनीता मल्होत्रा पुत्री स्व. श्री उत्तम चंद मलिक एवं श्रीमती लीला मलिक पत्नी स्व. श्री खान चंद मलिक ने जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 12.03.2011 से उक्त भूखंड में से स्वयं का हक श्री रामचंद्र मलिक पुत्र स्व. श्री उत्तम चंद मलिक के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण